राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री मिश्र ने मेहन्दीपुर बालाजी के दर्शन कर

# देश और प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की

जयपुर, 23 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को दौसा जिले में मेहंदीपुर बालाजी महाराज और भैरव जी के दर्शन किए। राज्यपाल श्री मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने सपरिवार बालाजी महाराज की पूजा–अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख–समृद्धि, खुशहाली और कोरोना महामारी से मुक्ति के लिए प्रार्थना की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने दर्शन उपरांत कहा कि मेहंदीपुर बालाजी मंदिर सिद्ध स्थल है, दूर–दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। मेरा भी गत दिनों यहां आने का कार्यक्रम था, जो बारिश के कारण स्थगित करना पड़ा था। मेहंदीपुर बालाजी महाराज की कृपा से आज उनके दर्शन लाभ प्राप्त करने की इच्छा पूरी हुई।

इस अवसर पर भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री प्रसन्न कुमार खमेसरा, करौली के जिला कलक्टर श्री सिद्धार्थ सिहाग एवं पुलिस अधीक्षक श्री मृदुल कच्छावा, दौसा के जिला कलक्टर श्री पीयूष सामरिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार सहित अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

———